Seventeenth Loksabha

>

Title: Need to provide Electricity Connection to Farmers for operation of Tube wells in Churu Parliamentary Constituency, Rajasthan.

श्री राहुल कस्वां (चुरू): महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र चुरू में, भूगर्भ में पानी का स्तर काफी नीचे चला गया है । जहां किसान के खेत में थ्री फेस मोटर चलती थी, वहां पानी कम व गहरा होने के कारण अब वहां थ्री फेस कनेक्शन की मोटरों का चलना संभव नहीं हैं । किसानों ने ऋण लेकर ट्यूबवैल तो बना लिये, लेकिन अब पानी का स्तर कम होने के कारण अधिकांश ट्यूबवैल बंद हो चुके हैं । पानी के लिए सिंगल फेस की मोटर लगाकर किसान उपयोग करते समय मीटर में आने वाले बिल का भुगतान भी करते हैं, फिर भी विद्युत विभाग सिंगल फेस मोटर को चोरी मानकर वी.सी.आर. भर जुर्माना लगा देते हैं । जहां पानी कम व गहरा हो गया है, वहां ग्रामीण व ढाणियों में कृषि और गैर कृषि कार्यों के निष्पादन के लिए यदि विद्युत कनेक्शन मिल जाता है, तो किसान सिंगल फेस की मोटर से फल, सब्जियां व घरेलू उपयोग में काम लेकर अपना जीविकोपार्जन कर सकता है । मेरा सरकार से अनुरोध है कि छोटे किसानों व ढाणियों के लिए सरकार द्वारा चालू की गई विभिन्न योजनाओं का शीघ्र क्रियान्वयन किया जाये, ताकि ग्रामीण क्षेत्र के किसानों को राहत मिल सके ।